(b) and (c) The article captioned 'LPG CONNECTION, THE WAIT GOES ON' in Hindustan Times dated 25th Aug., 1998 alleges that the PSU oil companies are resorting to release of block LPG connections to serveral housing colonies belonging to employees both in private and public sector in Delhi at the cost of those in the waiting list. The oil companies conduct elaborate regular/surprise checks and inspecions of functioning of their LPG distributors and also investigate complaints on their receipt, suitable action is taken against the distributors who are found to be indulging in various malpractices including out of turn release of LPG connections as per revised LPG Marketing Discipline Guidelines.

बोम्बे हाई से "टन की" आधार पर तेल निकाला जाना

1971. **श्री गोपाल सिंहजी सोलंकी :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल तथा प्राकृतिक गैस निगम लि० "टन की" आधार पर "बोम्बे हाई' से तेल निकालने के लिए विश्व स्तर पर निविदाएं आमंत्रित कर रहा है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) इस "टन की' आधार के लाभ क्या होंगे ;

(घ) क्या तेल और प्राकृतिक गैस निगम लि० इन परियोजनाओं पर किसी प्रकार का नियंत्रण रखने का विचार रखता है ; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) से (ङ) जी नहीं । ओंयल एण्ड नेचुरल गैस कार्पोरेशन लिमिटेड ने "टन की" आधार पर बम्बई हाई क्षेत्र से तेल के दोहन के लिए कोई निविदा आमंत्रित नहीं की है । तथापि, ओ. एन. जी. सी. बम्बई हाई क्षेत्र के हाइड्रोकार्बन संसाधनों के इष्टतम दोहन के लिए सलाह देने सुझाव देने और योजनाएं तैयार करने के लिए फिलहाल अन्तरराष्ट्रीय ख्याति के विशेषज्ञ मैसर्स गाफने क्लाइन एण्ड एसो. सिएट्स की परामर्श सेवाएं किराए पर ली हैं ।

युवा वैज्ञानिकों को संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने हेतु कदम उठाया जाना

1972. श्री रामजीलाल : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 12 अक्तूबर, 1998 के "जनसत्ता" में "देव ज्योति" के अंधेरे शीर्षक से प्रकाशित सम्पादकीय की ओर दिलाया गया है,

(ख) यदि हां, तो सरकार ने देव ज्योति जैसे युवा वैज्ञानिकों का संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने के लिए अब तक क्या कदम उठाये हैं,

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, और

(घ) क्या सरकार ने उक्त वैज्ञानिक के उपकरण की प्रमाणिकता जानने का प्रयास किया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री संतोष कुमार गंगवार) (क) जी हां, उक्त सम्पादकीय दिनांक 13 अक्तूबर, 1998 के जनसत्ता में प्रकाशित हुआ था ।

(ख) पेट्रोलियम क्षेत्र में सरकार प्रमाणन के अध्यधीन ईंधन बचाने वाले उपकरणों के विकास और वाणिज्यीकरण के लिए परियोजनाओं सहित पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण के लिए अनुसंधान और विकास परियोजनाओं का प्रयोजन करती है ।